UPHM010018572026

**न्यायालय विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी) एक्ट/ अपर सत्र न्यायाधीश, हमीरपुर।**

**दाण्डिक प्रकीर्ण वाद संख्या 288/2026**

**अरविन्द बनाम राज्य**

**20.08.2026**

प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र प्रस्तुत। प्रार्थना पत्र पर सुना तथा उपलब्ध अभिलेखीय प्रपत्रों का अवलोकन किया गया।

प्रार्थी अरविन्द की ओर से उपरोक्त प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र के माध्यम से कहा गया कि वह मु०अ०सं०–50/2026, थाना कुरारा, जिला हमीरपुर के मामले में वादी है। माननीय न्यायालय के आदेश दिनांकित 07.03.2026 के अनुपालन में अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसके उपरान्त 90 दिवस से अधिक का समय गुजर चुका है, परन्तु विवेचना के सम्बन्ध में कोई जानकारी आज तक नहीं हो पा रही है। प्रार्थी द्वारा उपरोक्त मामले में प्रगति आख्या मंगाए जाने का निवेदन किया गया है।

दाखिल प्रपत्रों के अवलोकन से विदित है कि थाने से प्राप्त आख्या के अनुसार विवेचक द्वारा उपरोक्त मामले में विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मु०अ०सं०–50/2026, अन्तर्गत धारा– 115(2), 308(3), 333, 352, 351(3) बी०एन०एस० व 3(2)va, 3(1)द/ध एससी/एसटी एक्ट, थाना कुरारा बनाम बृजेन्द्र सिंह व 03 अन्य के विरुद्ध पंजीकृत होकर विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा सम्पादित की गयी। उपरोक्त मुकदमें में निरीक्षण घटनास्थल बयान वादी व बयान गवाहान आदि के साक्ष्य के आधार व अन्य साक्ष्य के आधार पर अन्तिम रिपोर्ट सं०–20/2016 दिनांक 05.05.2026 को किता की गयी।

तदनुसार प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र निस्तारित किया जाता है। प्रकीर्ण पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

**(रनवीर सिंह)**
**विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी)एक्ट,**
**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हमीरपुर।**

Digitally signed by Ranveer Singh
Date: 2026.08.25 17:43:04 UTC
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court